07/05/22

टाटा स्टील की औधोगिक दुघर्टना पर सीपीएम का प्रेस वक्तव्य

टाटा स्टील के जमशेदपुर संयत्र मे आज सुबह कोक प्लांट मे भारी विस्फोट हुआ जिससे संयंत्र मे आग लग गई. कोक संयंत्र के बैटरी नंबर **5,6,**और **7** के क्रास ओवर मे हुए ब्लास्ट से गैस लिकेज भी हुआ है. तीन मजदूरों के घायल होने की सूचना है.

इस ब्लास्ट से भारी मात्रा मे धुल उड़ी है और निकटवर्ती इलाके मे ताप और ध्वनि प्रदुषण फैलने के कारण पर्यावरण को क्षति होने के साथ - साथ कैंसर और दमा के मरीजों के संख्या बढ़ने का अनुमान है.
टाटा औधोगिक समुह देश का एक बड़ा कार्पोरेट घराना है और उनके द्वारा औधोगिक सुरक्षा की बड़ी - बड़ी बातें की जाती हैं लेकिन आज की यह औधोगिक दुघर्टना टाटा समूह द्वारा नियंत्रित उधोगों मे सुरक्षा के प्रति लापरवाही को उजागर करता है.

सीपीएम का राज्य सचिवमंडल मांग करता है कि इस दुघर्टना की जांच राज्य सरकार की एजेंसी से करायी जाय और औधोगिक दुघर्टनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू किया जाय.

प्रकाश विप्लव
राज्य सचिव